Confidetial

DR. R. C. DEVA

Consumable Form
of

# S A I

T. M. No. 458715

## निर्देश :—

शैक्षिक तथा व्यावसायिक निर्देशन के लिए व्यक्तित्व पसन्द तथा आदतों की जानकारी आवश्यक है। ऐसा देखा गया है कि प्रतिभाशाली व्यक्तियों में भी ऐसी व्यक्तित्व सम्बन्धी कठिनाइयाँ होती हैं जो उनकी प्रतिभा के विकास में बाधक हैं। इनकी जानकारी प्राप्त होने पर उन्हें उपयुक्त सलाह दी जा सकती है जिससे वे और अधिक उन्नति कर सकें। इस प्रश्नावली में ऐसी जानकारी प्राप्त करने के लिए कुछ प्रश्न हैं। अत: इन प्रश्नों का सही और सोच-समझकर उत्तर देना आपके हित में है।

ये प्रश्न बहुत सरल हैं। प्रत्येक प्रश्न के सामने 'Yes' तथा 'No' के नीचे खाने (☐) बने हैं; प्रश्न पढ़िये, यदि आपको अपना उत्तर 'Yes' में देना है तो 'Yes' के नीचे खाने पर क्रौस (×) तथा यदि आपका उत्तर 'No' में है तो 'No' के नीचे खाने पर क्रौस (×) लगावें।

## उदाहरण :—

| | Yes | No |
|---|---|---|
| 1. क्या आपको स्वादिष्ट भोजन पसन्द है ? | ☒ | ☐ |
| 2. क्या आप गन्दे कपड़े पहनना पसन्द करते हैं ? | ☐ | ☒ |

यह अनुमान लगाते हुए कि प्रथम प्रश्न के लिए आपका उत्तर 'Yes' है हमने उदाहरण प्रश्न संख्या 1 के सामने 'Yes' के नीचे वाले खाने (☐) पर क्रौस (×) लगा दिया है। उसी प्रकार यह अनुमान लगाते हुए कि प्रश्न संख्या 2 के लिए आपका उत्तर 'No' है, हमने उदाहरण प्रश्न संख्या 2 के सामने 'No' के नीचे वाले खाने पर क्रौस (×) लगाया।

आपके उत्तर पूर्ण रूप से गुप्त रखे जायेंगे। अत: आप उत्तर नि:संकोच भाव से दें। इस प्रश्नावली का कोई समय निश्चित नहीं है किन्तु उत्तर शीघ्रता से दीजिए।

अब आप पृष्ठ उलटिये व प्रश्नों के उत्तर देना प्रारम्भ कीजिए।

### SCORING TABLE

| TDS | EAS | SMS | SAS |
|---|---|---|---|
| | | | |

Estd. : 1971 Phone : 364926

**National Psychological Corporation**

4/230, Kacheri Ghat, AGRA - 282 004 (U. P.)

© 1982, 96. All rights reserved. Reproduction in any form is a violation of Copyright Act.

Social Adjustment Inventory, R. C. Deva.

∇ Check

| | Yes | No | |
|---|---|---|---|
| 1. क्या आप कभी चोट लगने पर रोये हैं ? | ☐ | ☐ | 1 |
| 2. क्या आपने कभी झूठ बोला है ? | ☐ | ☐ | 2 |
| 3. क्या आपको कुत्ता, बिल्ली आदि जानवर पालना पसन्द है ? | ☐ | ☐ | 3 |
| 4. क्या आपको छोटे बच्चे पसन्द हैं ? | ☐ | ☐ | 4 |
| 5. क्या आपको शीघ्र गुस्सा आजाता है ? | ☐ | ☐ | 5 |
| 6. क्या आप लड़ाई में शीघ्र मारपीट पर आजाते हैं ? | ☐ | ☐ | 6 |
| 7. क्या आप यह अनुभव करते हैं कि आपको कोई प्यार नहीं करता ? | ☐ | ☐ | 7 |
| 8. क्या आपने कभी अपने हिस्से से अधिक लिया है ? | ☐ | ☐ | 8 |
| 9. क्या दूसरे व्यक्ति को चोट लगने पर आप कभी रोये हैं ? | ☐ | ☐ | 9 |
| 10. क्या आप शिकार खेलना पसन्द करते हैं ? | ☐ | ☐ | 10 |
| 11. क्या आप अकारण ही दुःखी से सुखी अथवा सुखी से दुःखी हो जाते हैं ? | ☐ | ☐ | 11 |
| 12 क्या दूसरे व्यक्ति आपको प्रायः ही दुःखी करते हैं ? | ☐ | ☐ | 12 |
| 13 क्या आप क्रोध में अक्सर आपे से बाहर होते हैं ? | ☐ | ☐ | 13 |
| 14. क्या आप अक्सर अपने स्कूल / कार्य पर देरी से पहुँचते हैं ? | ☐ | ☐ | 14 |
| 15. क्या आप सदैव प्रसन्न रहते हैं ? | ☐ | ☐ | 15 |
| 16. क्या आप प्रायः स्वस्थ अनुभव करते हैं ? | ☐ | ☐ | 16 |
| 17. क्या आप अक्सर घर से भाग जाने का विचार करते हैं ? | ☐ | ☐ | 17 |
| 18. क्या आप अक्सर काम को टाल जाते हैं ? | ☐ | ☐ | 18 |
| 19. क्या आप दस वर्षों के बाद पाँच लाख रुपये की अपेक्षा तुरन्त एक कार लेना पसन्द करेंगे ? | ☐ | ☐ | 19 |
| 20. क्या आप कम वेतन परन्तु काफी तरक्की के व्यवसाय की अपेक्षा अधिक वेतन परन्तु कम तरक्की का व्यवसाय पसन्द करेंगे ? | ☐ | ☐ | 20 |
| 21. क्या नुकसान होने पर भी आप सदैव मुस्कराते हैं ? | ☐ | ☐ | 21 |
| 22. क्या आप सिनेमा देखकर कभी रोये हैं ? | ☐ | ☐ | 22 |
| 23. क्या आप किसी को सुखी देखकर प्रसन्नता का अनुभव करते हैं ? | ☐ | ☐ | 23 |
| 24. क्या आप अपरिचितों के बीच घबराहट का अनुभव करते हैं ? | ☐ | ☐ | 24 |
| 25. क्या आप बहुत से व्यक्तियों से घृणा करते हैं ? | ☐ | ☐ | 25 |
| 26. क्या आपने कभी कोई बात अनसुनी करने का बहाना किया है ? | ☐ | ☐ | 26 |
| 27. क्या आपने कभी दूसरे की चीज को तोड़ी अथवा खोई है ? | ☐ | ☐ | 27 |
| 28. क्या आप ऐसे व्यक्ति से विवाह करना पसन्द करेंगे जिससे आपको प्रेम नहीं है, परन्तु वह बहुत धनी है ? | ☐ | ☐ | 28 |
| 29. क्या आप लोगों का तब तक मजाक उड़ाते हैं, जब तक वे रो न पड़ें ? | ☐ | ☐ | 29 |
| 30. क्या आपके परिवार वालों ने आपके साथ सदैव ठीक व्यवहार किया है ? | ☐ | ☐ | 30 |
| 31. क्या आपका कोई विश्वसनीय दोस्त है ? | ☐ | ☐ | 31 |
| 32. क्या लोग आपको सनकी समझते हैं ? | ☐ | ☐ | 32 |

∆ Check

| | ▽ Check Yes | No | |
|---|---|---|---|
| 33. क्या आप जेब खर्च मिलने पर शीघ्र ही खर्च कर देते हैं ? | ☐ | ☐ | 33 |
| 34. क्या आप मनोरंजन पसन्द करते हैं ? | ☐ | ☐ | 34 |
| 35. क्या आपने जीवन का कोई उद्देश्य निश्चित किया है ? | ☐ | ☐ | 35 |
| 36. क्या आप कार्य से शीघ्र उकता जाते हैं ? | ☐ | ☐ | 36 |
| 37. क्या आप इरादा करने के बाद उसे अक्सर निभाने में सफल हो जाते हैं ? | ☐ | ☐ | 37 |
| 38. क्या आपका मन इतना भटकता है कि आप अपना कार्य भूल जाते हैं ? | ☐ | ☐ | 38 |
| 39. क्या आप पाँच सौ रुपए प्रति माह की अपेक्षा दस रुपए प्रतिदिन का वेतन पसन्द करेंगे ? | ☐ | ☐ | 39 |
| 40. यदि परीक्षा में नकल करना अनुचित न माना जाय तो क्या आप नकल करके पास होना पसन्द करेंगे ? | ☐ | ☐ | 40 |
| 41. क्या आपने कभी बदला लेने का विचार किया है ? | ☐ | ☐ | 41 |
| 42. क्या आपने कभी विद्वान होने का दिखावा किया है ? | ☐ | ☐ | 42 |
| 43. क्या आप शीघ्र ही मित्र बना लेते हैं ? | ☐ | ☐ | 43 |
| 44. क्या आप वास्तविक मित्रता की अपेक्षा पाँच हजार रुपए अधिक पसन्द करेंगे ? | ☐ | ☐ | 44 |
| 45. क्या आपको ऐसा लगता है कि अक्सर लोग आपका मजाक उड़ाते हैं ? | ☐ | ☐ | 45 |
| 46. क्या बहुत से लोगों के बीच भी आप अकेलेपन का अनुभव करते हैं ? | ☐ | ☐ | 46 |
| 47. क्या आप प्रायः जिस वस्तु को पसन्द करते हैं उसी से अकस्मात घृणा करने लगते हैं ? | ☐ | ☐ | 47 |
| 48. क्या आपने कभी चोरी की है, वह चाहे पिन अथवा बटन जैसी छोटी वस्तु हो ? | ☐ | ☐ | 48 |
| 49. क्या आप मनोरंजन के लिए किसी जन्तु को परेशान करना पसन्द करते हैं ? | ☐ | ☐ | 49 |
| 50. क्या आप किसी व्यक्ति को फाँसी लगते हुए देखना पसन्द करेंगे ? | ☐ | ☐ | 50 |
| 51. क्या आप अक्सर लोगों पर सन्देह करते हैं ? | ☐ | ☐ | 51 |
| 52. क्या आप अक्सर ऐसा अनुभव करते हैं कि लोग आपके दुश्मन हैं ? | ☐ | ☐ | 52 |
| 53. क्या आपको ऐसा लगता है कि कोई रहस्यपूर्ण शक्ति आपसे आपकी इच्छा विरुद्ध काम करवा रही है ? | ☐ | ☐ | 53 |
| 54. क्या आपमें ऐसी अनेक आदतें हैं जिन्हें आप तोड़ना चाहते हैं ? | ☐ | ☐ | 54 |
| 55. क्या आप बहुधा असन्तुष्ट और बेचैन रहते हैं ? | ☐ | ☐ | 55 |
| 56. क्या आप कार्य की पहले योजना बना लेते हैं ? | ☐ | ☐ | 56 |
| 57. क्या आप प्रायः सुस्ती से कार्य करते हैं ? | ☐ | ☐ | 57 |
| 58. क्या आप एक कार्य पर अधिक देर तक नहीं लग पाते हैं ? | ☐ | ☐ | 58 |
| 59. क्या आप कठिन परिश्रम वाले किन्तु रुचिपूर्ण व्यवसाय की अपेक्षा कम परिश्रम वाले किन्तु अरुचिपूर्ण व्यवसाय को पसन्द करेंगे ? | ☐ | ☐ | 59 |
| 60. क्या आप किसी कार्य को करने की योजना पाँच या दस वर्ष पूर्व ही बना लेते हैं ? | ☐ | ☐ | 60 |
| 61 क्या मिठाई देखकर कभी आपके मुँह में पानी आया है ? | ☐ | ☐ | 61 |
| 62. क्या आप कहानी पढ़कर / सुनकर कभी रोये हैं ? | ☐ | ☐ | 62 |
| 63 क्या आप दूसरों को दुःखी देखकर स्वयं भी दुःखी हो जाते हैं ? | ☐ | ☐ | 63 |
| 64. क्या आप दूसरों को दुःखी देखकर यह अनुभव करते हैं कि आप कितने सुखी हैं ? | ☐ | ☐ | 64 |
| 65. क्या आप अपने दोस्तों से शीघ्र उकता जाते हैं ? | ☐ | ☐ | 65 |
| 66. क्या आप ऐसा अनुभव करते हैं कि और लोगों से आप बहुत भिन्न हैं ? | ☐ | ☐ | 66 |

△ Check

▽ Check

| | Yes | No | |
|---|---|---|---|
| 67. क्या आप अपना कार्य सदैव समय पर कर लेते हैं ? | ☐ | ☐ | 67 |
| 68. क्या आपने किसी की पीठ पीछे बुराई की है ? | ☐ | ☐ | 68 |
| 69. क्या आप कभी-कभी किसी व्यक्ति या जन्तु को चोट लगने पर प्रसन्नता का अनुभव करते हैं ? | ☐ | ☐ | 69 |
| 70. क्या आप लोगों से मिलने पर उनसे प्रायः रुचि लेने लगते हैं ? | ☐ | ☐ | 70 |
| 71. क्या बहुत से लोग आपसे मित्रता करना पसन्द करते हैं ? | ☐ | ☐ | 71 |
| 72. क्या अक्सर लोग आपको पसन्द नहीं करते हैं ? | ☐ | ☐ | 72 |
| 73. क्या आप अपने कार्य को टालते रहते हैं और अन्त में अत्यधिक मेहनत करके उसे पूरा करते हैं ? | ☐ | ☐ | 73 |
| 74. क्या आपको अक्सर ऐसा लगता है कि जीवन जीने योग्य नहीं है ? | ☐ | ☐ | 74 |
| 75. क्या आप अपना उद्देश्य पूर्ण न होने पर भी सन्तुष्ट रहते हैं ? | ☐ | ☐ | 75 |
| 76. क्या आप महत्वपूर्ण किन्तु सामान्य वेतन के व्यवसाय पसन्द करेंगे ? | ☐ | ☐ | 76 |
| 77. क्या आप कार्य करने का इरादा करने के बाद प्रायः ऐसा अनुभव करते हैं कि वह आपके वश का नहीं है ? | ☐ | ☐ | 77 |
| 78. क्या आप अक्सर इतने उत्तेजित हो जाते हैं कि शान्त रहना मुश्किल हो जाता है ? | ☐ | ☐ | 78 |
| 79. कोई कार्य करने का निश्चय करने के बाद क्या आप प्रायः विचार बदल देते हैं ? | ☐ | ☐ | 79 |
| 80. क्या आप इस समय एक सुन्दर कार की अपेक्षा एक वर्ष बाद दस लाख रुपये लेना पसन्द करेंगे ? | ☐ | ☐ | 80 |
| 81. क्या आपने सदैव प्रसन्नता से आज्ञा पालन किया है ? | ☐ | ☐ | 81 |
| 82. क्या आपने कभी किसी व्यक्ति की शिकायत की है ? | ☐ | ☐ | 82 |
| 83 क्या आप अपने शत्रु को गहरी चोट लगने पर प्रसन्नता का अनुभव करते हैं ? | ☐ | ☐ | 83 |
| 84. क्या आप जानवरों का भयानक युद्ध देखना पसन्द करेंगे ? | ☐ | ☐ | 84 |
| 85. क्या आपके माता-पिता / अभिभावक आपसे जरूरत से ज्यादा आशा करते हैं ? | ☐ | ☐ | 85 |
| 86. क्या लोगों का व्यवहार आपके प्रति न्यायपूर्ण है ? | ☐ | ☐ | 86 |
| 87. क्या आप सड़क से टूटा शीशा इत्यादि हटा देते हैं ताकि दूसरों को चोट न लगे ? | ☐ | ☐ | 87 |
| 88. क्या आप प्रायः लोगों की सहायता कर देते हैं ? | ☐ | ☐ | 88 |
| 89. क्या आपको मित्रता करने में काफी समय लगता है ? | ☐ | ☐ | 89 |
| 90. क्या आप किसी को उचित दण्ड मिलने पर भी दुःखी होते हैं ? | ☐ | ☐ | 90 |
| 91. क्या आपको ऐसा लगता है कि संसार में आपका कोई नहीं है ? | ☐ | ☐ | 91 |
| 92. क्या लोग आवश्यकता से अधिक आप में गलती निकालते हैं ? | ☐ | ☐ | 92 |
| 93. क्या आप अक्सर व्यर्थ के विचारों से छुटकारा पाने के लिए बेचैन हो जाते हैं ? | ☐ | ☐ | 93 |
| 94. क्या आप अक्सर बिना सोचे-समझे कार्य में जुट जाते हैं ? | ☐ | ☐ | 94 |
| 95. क्या आप अक्सर दुःखी रहते हैं ? | ☐ | ☐ | 95 |
| 96. क्या आप बहुत से कार्य अपूर्ण छोड़ देते हैं ? | ☐ | ☐ | 96 |
| 97. क्या आप अपने कार्य की अपेक्षा दूसरों के कार्यों में अधिक रुचि लेते हैं ? | ☐ | ☐ | 97 |
| 98. क्या आप अक्सर अपनी योजनाएँ पूरी कर लेते हैं ? | ☐ | ☐ | 98 |
| 99. क्या आप तुरन्त पाँच वर्ष के कारावास की अपेक्षा दस वर्ष बाद दस वर्ष का कारावास पसन्द करेंगे ? | ☐ | ☐ | 99 |
| 100. क्या आप प्रायः बिना योजना बनाए कार्य प्रारम्भ कर देते हैं ? | ☐ | ☐ | 100 |

△ Check

Chaurasia Electric Press, Agra-4